## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय में भदपुरा की किरन का चयन



भदपुरा, अमृत विचार : ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय फुलबैया किरण कुमारी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी में कक्षा छह के लिए हुआ है। यह चयन नवोदय परीक्षा के माध्यम से हुआ है। इसमें होनहार छात्र छात्राएं ही सफलता प्राप्त कर पाते हैं। इस चयन से गांव में खुशी का माहौल है। किरण के पिता मजदूरी करते हैं। छह भाई बहनों में किरण छोटी है।

### पक्का कटरा में लगे एटीएम में लगी आग पंखा जला

आंवला अमृत विचार । मंगलवार तड़के नगर के मौहल्ला पक्का कटरा में स्थित एक एटीएम के अन्दर लगे पंखे में आग लग गई । आग की सूचना पर एटीएम भवन के मालिक मनोज खण्डेलवाल को पड़ोसियों ने दी। सूचना पर फायर बिग्रेड पहुंची। मनोज ने बताया कि पड़ोसियों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। एसी निर्माता कंपनी द्वारा लगाए इस एटीएम में सभी बैंकों के डेबिट कार्ड का प्रयोग ग्राहक करते हैं। आग से पंखा ही जला है। कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है।

### नुक्कड नाटक के जरिए सफाई की अलख

शेरगढ़। नगर पंचायत कार्यालय के तत्वावधान में सामाजिक संस्था के सहयोग से छह वार्डों में स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। इसके जरिए कस्बे वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वार्ड निवासियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से जोड़ना तथा स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक करना है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को कचरे के सही ढंग से निस्तारण के लाभों के बारे में जानकारी दी गई तथा खुले में कचरा न फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद आरिश,अमित कुमार,नरेंद्र कुमार,हर्ष त्रिपाठी,सुपरवाइजर और संस्था के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# किसानों के हाथों बने खमरिया बांध का लोकार्पण, पक्का भी होगा

## 10 साल कच्चा बांध बनाकर किसानों ने सरकार को किया मजबूर ,99 करोड़ रुपए मंजूर

संवाददाता, बहेड़ी,



खमरिया बांध को देखते कुंवर महाराज सिंह, साथ में पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार

**अमृत विचार** :किसानों के हाथों तैयार हुए खमरिया बांध का लोकार्पण हो गया। विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह ने इसका लोकार्पण किया।किसानों के हाथों बने इस कच्चे बांध में जमा किए गए पानी से बहेड़ी और मीरगंज तहसील के करीब 6 दर्जन गाँवों के खेतों की सिंचाई हो रही है।

बहगुल नदी पर किसान खमरिया बांध का निर्माण 2016 से कर रहे हैं।दरअसल किसान यहाँ पक्का बांध बनाने की मांग शासन से कर रहे थे, लेकिन सरकार से रिस्पांस न मिलने पर किसानों ने खुद आगे आकर कच्चा बांध बनाने का काम शुरू किया, और सफलतापूर्वक बांध बना लिया, तब से अब तक किसान हर साल कच्चा बांध बना रहे हैं।अब सरकार ने पक्का बांध बनाने का फैसला लिया है, और इस तरह इस बार किसानों ने आखिरी बार कच्चा बांध बनाया है। इस कच्चे बांध से कुल्ली और बल्ली दो नहर सिस्टम फीड हो रहे हैं। बल्ली नहर सिस्टम को तो सिंचाई विभाग ने डेड घोषित कर दिया था, लेकिन किसानों के कच्चा बांध बनाने के बाद बल्ली सिस्टम फिर जीवित हो गई। किसानों के बनाए गए इस कच्चे बांध का विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, जैल सिंह, केंद्र पाल सिंह, अनित पाल सिंह और वेद प्रकाश कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### शहीदी दिवस मनाया

किसानों ने बांध के लोकार्पण के साथ ही शहीद भगत सिंह का शहीदी दिवस मनाया। 23 मार्च को देर शाम अंग्रेजो ने भगत सिंह को फांसी दी थी। किसानों ने शाम को ही शहीदी दिवस मनाते हुए उनको श्रद्धांजलि दी।

### पक्के बांध का फिर से बन रहा डिजाइन

सरकार ने खमरिया पक्के बांध के लिए करीब 99 करोड़ रूपये मंज़ूर किए हैं, लेकिन जो डिज़ाइन बनाया गया था, वह कामयाब नहीं माना गया। ज़मीन में नमी के कारण अब इसका डिज़ाइन बदला जा रहा है। माना जा रहा है कि डिज़ाइन बदलने से बांध की लागत बढ़ जाएगी।

# पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाएं प्रधान

संवाददाता, अलीगंज



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नाश्ते के समुचित पैकेट न होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पैकेट नहीं मिला तो उन्होंने हंगामा शुरु कर दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के समय अपराधियों का बोलबाला था और महिलाएं घर से निकलने में असुरक्षित महसूस करती थीं, जबकि वर्तमान सरकार में महिलाएं बेखौफ होकर बाहर निकल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब अखबारों की सुर्खियां अपराध नहीं, बल्कि विकास कार्यों और निवेश की होती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह ने दैवीय आपदा सहायता योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग या डूबने जैसी घटनाओं में मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम के बाद चार लाख रुपये की सहायता दी जाती है। सीडीपीओ कुमोद मिश्रा ने मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी दी। इसी बीच नाश्ते के पैकेट न मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी हेमंत श्याम ने किया। इस मौके पर बीडीओ सुशील कुमार वर्मा भी रहे।

- **प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर जनसंवाद कार्यक्रम**
- **योजनाओं को बताया, नाश्ते के पैकेट बांटने में कंजूसी, हंगामा**



संबोधित करते ब्लाक प्रमुख यशवंत सिंह।

# वार्षिक खेलकूद में छात्राओं ने दिखाया दमखम




वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

**आंवला, अमृत विचार।** राजकीय महाविद्यालय आंवला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने का प्रदर्शन किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में आलिया , कंचन ,आकांक्षा चौहान ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में आलिया प्रथम, द्वितीय पर कंचन और मीनाक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। माडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आलिया, द्वितीय स्थान पर कंचन और तृतीय स्थान पर प्राची शर्मा रही।

# खो-खो में डिग्री कॉलेज बना चैंपियन

मीरगंज, अमृत विचारः



खोखो में विजेता टीम के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता में राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में मीरगंज की टीम ने शुरुआत से ही दमदार खेल का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहजहांपुर को 12-3 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला बरेली कॉलेज और राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के बीच हुआ जो बेहद रोमांचक रहा। कांटे की टक्कर वाले इस मुकाबले में मीरगंज की टीम ने 10-7 से जीत दर्ज कर चैम्पियनशिप पर कब्जा कर लिया। इस प्रतियोगिता में जौहर दिखाने वाले खिलाडियों में राधा, सर्वेश, सोनम, अक्शा, स्वाति, अंजली, भारती, डॉली आदि प्रमुख रहीं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह सहित समस्त शिक्षकगणों ने विजेता टीम को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रैकसूट एवं स्पोर्ट्स शूज देने की घोषणा की । टीम मैनेजर एन. सी. शर्मा रहे। समारोह में प्रो. विजय बिष्ट, के. पी. सिंह, सुरेश कुमार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, विकास पाण्डेय, संजय शर्मा आदि रहे।

- **बरेली कालेज से हुए मुकाबले में 10-7 से दर्ज की जीत**

# धोबी तालाब की कुराबंदी दोबारा कराने की मांग

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार** :भाजपा के नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने धोबी तालाब की कुराबन्दी दोबारा कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर पालिका के तालाब को फ्रंट से पीछे करना तर्क संगत नहीं, और क्षेत्रफल के हिसाब से नगर पालिका और उस रकबे के सह खातेदारों को फ्रंट दिया जाना चाहिए।

नगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका के तालाब को हथियाने के प्रयास का जो मामला सामने आया है, वह काफी गंभीर है। नगर पालिका के तालाब को पीछे कर आगे की कीमती ज़मीन हथियाने के जो आरोप सामने आए हैं, उनकी जाँच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुरा बंदी अगर गलत हुई है, तो उसको पुनः करने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए, ताकि नगर पालिका के तालाब पर किसी का कब्ज़ा न हो पाए। श्री गुप्ता ने कहा कि इस मामले में कल अधिकारियों को लिखित में अवगत कराया जाएगा, और उनसे निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। बता दें कि धोबी तालाब को पाटा जा रहा है और प्रशासन मौन है।



राहुल गुप्ता

- **बोले अध्यक्ष कुराबंदी यदि गलत हुई तो उसको दोबारा करने की प्रक्रिया अपनाई जाए**

# अब एक और बंद स्कूल को खुलवाने को होगा आंदोलन



बंद स्कूल के बाहर ग्रामीणों से जानकारी लेती अध्यक्ष। ● अमृत विचार

संवाददाता,नवाबगंज

**अमृत विचार**:क्षेत्र के ग्राम मल्लपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पिछले जुलाई माह से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। विद्यालय बंद होने के चलते बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सामाजिक संस्था पैनी नजर से संपर्क कर संस्था अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार को गांव बुलाया।

ग्रामीणों ने बताया कि वे जुलाई से लगातार विद्यालय खुलवाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए गए, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से मुलाकात की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका। मौके पर पहुंचीं संस्था अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का इस तरह हनन होना बेहद चिंताजनक है। कहा कि विद्यालय खुलवाने के लिए हर संभव संघर्ष किया जाएगा । बीईओ सत्यदेव ने बताया कि बच्चे कम होने से मल्लपुर का स्कूल घाटमपुर में अटैच किया है।

- **जुलाई से बंद पड़ा प्राथमिक विद्यालय, बीईओ बोले- बच्चे कम थे दूसरे विद्यालय से किया अटैच**

# भदपुरा ब्लॉक के सोमपाल अध्यक्ष और अमित बने मंत्री

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में भदपुरा की ब्लॉक इकाई का गठन हुआ। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सोमपाल, ब्लॉक मंत्री अमित गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिलाष चंद, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, संयुक्त मंत्री राहुल गंगवार, उपाध्यक्ष अभिषेक गंगवार, संगठन मंत्री प्रेमपाल, उपाध्यक्ष अंकुर सक्सेना चुने गए।

जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार,महिला उपाध्यक्ष रितु मिश्रा, संगठन मंत्री अतुल सिंह, उपाध्यक्ष शुमायला खान,अरविंद चौधरी, अजय कुमार, नफीस, अंकित गुप्ता, अनुभव शर्मा, राहुल, अमित गंगवार आदि मौजूद रहे। नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों ने ब्लाक के सभी शिक्षकों से एकजुटता बनाए रखने की बात कही है।

# नोडल अधिकारी ने बताई जनगणना की बारीकियां



जनगणना के लिए प्रशिक्षण देते ट्रेनर। ● अमृत विचार

आंवला अमृत विचार

तहसील सभागार में मंगलवार को जनगणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण जनगणना के पहले चरण की तैयारियों का हिस्सा है, जिसमें 1 मई से मकानों की गणना की जाएगी। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इस दौरान जनगणना के फील्ड ट्रेनरों को मकान सूचीकरण और गणना के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

जनगणना नोडल अधिकारी उपहार मिश्रा ने इसे एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताते हुए फील्ड ट्रेनरों से प्रशिक्षण को गंभीरता से समझने और फिर मैदान पर प्रभावी ढंग से काम करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में मकानों की नंबरिंग, लिस्टिंग और डेटा संकलन की बारीकियों पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के बाद उनका एक टेस्ट भी लिया जाएगा। तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। नागरिक ''स्व-गणना पोर्टल'' पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। जब गणना अधिकारी घर आएंगे, ।जनगणना अधिकारियों द्वारा नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। नागरिकों से अपील की है कि वे सही जानकारी प्रदान करें।

- **33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे कर्मचारी**

# मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : जमुना प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के 36 छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार दिए गए ।

वर्ष 2025-26 के सत्र में स्टूडेंट ऑफ द ईयर सम्मान के लिए कक्षा तीन की छात्रा जिया नूर चुनी गई,जिसको ट्राफी,प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एकेडमिक एक्सीलेंस पुरस्कार वंश बाबू कक्षा चतुर्थ एवं राफिया कक्षा आठ की छात्रा को दिया गया बच्चों को पुरस्कार रूप में स्मार्टफोन,प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी दी गई।

साथ ही विद्यालय के 7 होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति पुरस्कार के रूप में 50000/- के चेक वितरित किए गए तथा 16 प्रतिभाशाली बच्चों को शतप्रतिशत उपस्थिति हेतु ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र विद्यालय की निदेशिका शिखा पटेल एवं संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर आर्किटेक्ट वैभव पटेल द्वारा बच्चों को वितरित किए गये ।



बच्ची को सम्मानित हुए मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव पटल एवं शिखा पटेल ।

- **जमुना प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल का सत्य प्रतिशत रहा रिजल्ट**

कार्यक्रम में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ शिक्षकों एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दिया। विद्यार्थियों के शानदार परीक्षा परिणाम और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए जे पी एम ग्रुप के चेयरमैन योगेश पटेल ने शिक्षकों ,अभिभावको और विद्यार्थियों का सामूहिक प्रयास बताया ।

### श्रुति गंगवार ने स्कूल का किया उद्घाटन

भोजीपुरा, : विकासखंड के ग्राम परसुनगला में एस आर नेशनल स्कूल का उद्घाटन अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार ने फीता काटकर किया । उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के विद्यालयों होने से शिक्षा का विस्तार होगा और सभी होनहारों को आसानी से शिक्षा मिल सकेगी उन्होंने आधुनिकतम शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के छात्रों के लिए टेक्निकल शिक्षा अवश्य होनी चाहिए जिससे उनके सर्वांगीण विकास हो।

# कम लागत में अच्छा गन्ना उत्पादन के तरीके बताए

संवाददाता, मीरगंज



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई को बढ़ावा देने, पैदावार बढ़ाने और लागत कम करने के उदेश्य से धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान की शुरुआत करते हुए जागरूकता रैली निकाली । इसके जरिए किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया। रैली 60 गांवों से गुजरी और किसानों को जागरुक किया। इस दौरान गन्ना विभाग के अधिकारियों और स्टाफ ने वाहनों और मोटरसाइकिलों के जरिए किसानों को गन्ना फसल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष सरबजीत सैनी, कारखाना प्रबंधक अरविंद गंगवार, जीएम (मैकेनिकल) महेंद्र अग्रवाल और वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) महेंद्र अग्रवाल और वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) अंग्रेज सिंह ने झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर सरबजीत सैनी ने बताया कि मिल का लक्ष्य गन्ने की फसल में चोटी भेदक कीट के नियंत्रण के लिए शत- प्रतिशत खेतों में नैटजेन का प्रयोग सुनिश्चित कराना है। इस दौरान मिल के वरिष्ठ प्रबंधक रतीराम सिंह, योगेंद्र सिंह आदि रहे।

**किसानों को दी बसंत कालीन गन्ना बुवाई की जानकारी**

**शेरगढ़**,: नगरिया कलां में वसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर कृषक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों ने किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई से संबंधित प्रेरक जानकारी दी।

मंगलवार को नगरिया कलां स्थित साधन सहकारी समिति कार्यालय प्रांगण में बसंत कालीन गन्ना बुवाई प्रचार प्रसार कार्यक्रम में अशोक कुमार सिंह ने किसानों को गन्ना बुवाईकी जानकारी दी। उन्होंने पेड़ी प्रबंधन पर जोर देने के साथ ही किसानों को उन्नतशील प्रजातियों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि कम लागत में अच्छा फसल उत्पादन कैसे कर सकते हैं किन-किन विधियों का उपयोग कर गन्ना की बुवाई कर अधिक उपज हासिल की जा सकती है जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर किसानों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार सिंह,राजेंद्र प्रसाद मौर्य,श्यामा चरन,अवधेश कुमार,विकास कटियार,शहादत हुसैन,मोहम्मद कमर,अनिल कुमार,त्रिभुवन प्रसाद,राकेश कुमार,शैलेंद्र गुप्ता,बलवंत गंगवार,आदि रहे।

# बच्चों को मुख्यधारा में लाने के तरीके बताए गए



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, शेरगढ़.

**अमृत विचार** : आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए ब्लॉक के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत बीआरसीडेलपुर में मंगलवार को हुई। जिसमें शिक्षकों को आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक राजीव शर्मा,गौरव शर्मा,सुखेंद्र कुमार और प्रकाश बाबू शर्मा ने बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती का पाठ पढ़ाया। प्रशिक्षण में बीईओ मुकेश भारती, शिव स्वरूप शर्मा,कमलेश आर्य,विशेष गंगवार,नीरू वाष्र्णेय, संजुल गंगवार,ओम प्रकाश राठौर,हरीश कुमार,लईक अहमद,राम प्रकाश शर्मा,शुभम गंगवार आदि रहे।

### कार्यशाला में बालिकाओं के सशक्तिकरण पर जोर

**देवरनियां, अमृत विचार** : मीना मंच एंव पॉवर एंजिल के सशक्तिकरण, जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने आदि को लेकर ब्लॉक दमखोदा में बीआरसी में कार्यशाला हुई। ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की पॉवर एंजिल के सम्बंध में दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण ( कार्यशाला ) में बालिकाओं के सशक्तिकरण में का अहम रोल है। ब्लॉक संसाधन केंद्र रिछा पर बीईओ जगदीश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शुरू हुई इस कार्यशाला में मीना मंच के गठन, प्रगति के पंख मॉड्यूल,अरमान मॉड्यूल व कॉमिक्स के बारे में विस्तार से चर्चा कराई गई।

प्रशिक्षक अनुज कुमार शर्मा और अल्पना गुप्ता रहीं। इस दौरान लेखाकार मोहम्मद इमरान खान, अनुज गंगवार, के अलावा बलवीर सिंह, हरीश गंगवार मोहम्मद हसन, आदि प्रमुख शिक्षक मौजूद रहे।



